## पटना अप रैंप का सीएम ने किया लोकार्पण

# कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल से जुड़ा गंगा पथ



पटना अप रैम्प का शनिवार को लोकार्पण करते सीएम नीतीश कुमार। साथ हैं विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सीएम के प्रधान सचिव दीपक कुमार और सचिव कुमार रवि।

- पटना शहर को जाम से राहत मिलने की उम्मीद
- सीएम ने सर्विस रोड दुरुस्त करने को कहा

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल पर अब जेपी गंगा पथ से सीधे जाया जा सकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को दीदारगंज में कच्ची दरगाह बिदुपुर सिक्स लेन गंगा पुल परियोजना के पटना अप रैम्प का लोकार्पण किया। यह अप रैम्प दीदारगंज से प्रारंभ होकर गंगा नदी पर बने छह लेन पुल से जुड़ा है।

लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित रैम्प का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को रैम्प से होने वाली रोड कनेक्टिविटी के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने यहां के सर्विस रोड को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया ताकि वाहनों का सुचारू रूप से परिचालन हो सके।

**वाहनों का दबाव कम होगा:** इस संपर्क पथ के माध्यम से दीघा से आने वाले वाहन दीदारगंज जीरो प्वाइंट से बाएं मुड़कर सीधे छह लेन पुल पर जा सकेंगे। इससे पटना शहर के अंदर वाहनों का दबाव कम होगा तथा जाम की समस्या से राहत की उम्मीद है। इस रैंप के निर्माण पर 44 करोड़ खर्च हों